# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

E-Mail Id-eecdjnsonebhadra@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473941817


पत्रांक 953 / W-16 / 9A दिनांक– 22-05-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 21 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशनः फर्जी प्रमाण पत्रों पर डीएम नाराजः सोनभद्र पर कागजों में जलापूर्ति दिखाने वालों पर होगी कार्यवाई" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 21 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक **"जल जीवन मिशनः फर्जी प्रमाण पत्रों पर डीएम नाराजः सोनभद्र पर कागजों में जलापूर्ति दिखाने वालों पर होगी कार्यवाई"** के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड म्योरपुर, बभनी एवं दुद्धी में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत झीलो बीजपुर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्यदायी फर्म मेसर्स जी0वी0पी0आर0 द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत 14 ग्रामों में फर्म द्वारा कराये गये कार्यो, जलापूर्ति एवं हर घर जल प्रमाणीकरण की स्थिति निम्नानुसार है–

| S.No. | Village Name | FHTC Scope | Completed | Balance | HGJ Certified | Project Status |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Jhilo | 392 | 358 | 34 | YES | पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। |
| 2 | Liladewa | 417 | 400 | 17 | No | पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। |
| 3 | Piparahara | 170 | 158 | 12 | YES | पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। |
| 4 | Dumarahar | 224 | 211 | 13 | YES | पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। |
| 5 | Karam Ghati | 214 | 192 | 22 | YES | पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। |
| 6 | Araghat | 339 | 322 | 17 | YES | पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। |
| 7 | Jiganahawa | 327 | 298 | 29 | YES | पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। |
| 8 | Sirsoti | 408 | 386 | 22 | No | पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। |
| 9 | Mahuli | 389 | 354 | 35 | No | पाइप लाइन टेस्टिंग एवं कमिशनिंग कार्य प्रगति पर है। |
| 10 | Rajamilan | 378 | 288 | 90 | No | पाइप लाइन टेस्टिंग एवं कमिशनिंग कार्य प्रगति पर है। |
| 11 | Dorahar | 1033 | 691 | 342 | No | गृह संयोजन अधिष्ठापन व पाइप लाइन टेस्टिंग एवं कमिशनिंग कार्य प्रगति पर है। |
| 12 | Jaraha | 2236 | 1966 | 270 | No | गृह संयोजन अधिष्ठापन व पाइप लाइन टेस्टिंग एवं कमिशनिंग कार्य प्रगति पर है। |
| 13 | Nemana | 1078 | 880 | 198 | YES | ग्राम में पाइप लाइन बिछाकर गृह संयोजन का कार्य कराया गया है तथा ग्रामीणों द्वारा नया कनेक्शन की मांग पर कनेक्शन प्रदान किये जा रहे है। |
| 14 | Bijpur | 1207 | 862 | 345 | No | गृह संयोजन अधिष्ठापन व पाइप लाइन टेस्टिंग एवं कमिशनिंग कार्य प्रगति पर है। |

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0न0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**संलग्नकः– फोटोग्राफ्स**

भवदीय,
(अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर
होम वीडियो सर्च वेब स्टोरीज ई-पेपर

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
IPL 2026
भास्कर खास
DB ओरि...
स्पोर्ट्स
बॉली...
जॉब - एजु...
बिज...
लाइ...
जीवन मंत्र



# जल जीवन मिशन: फर्जी प्रमाण पत्रों पर डीएम नाराज: सोनभद्र में कागजों में जलापूर्ति दिखाने वालों पर होगी कार्रवाई

मनोज कुमार वर्मा | सोनभद्र
19 घंटे पहले



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक

होम वीडियो सर्च वेब स्टोरीज ई-पेपर

देश
विदेश
राशि...
टेक - ऑटो
फेक न्यूज...
ओ...
मधु...
मैग...
यूटि...
लाइफ -...
मध्य प्रदेश
उत्तर...
राज...
बिहार

Download App from
GET IT ON Google Play

सोनभद्र डीएम चर्चित गौड़ ने जनपद में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों से मिल रही जलापूर्ति संबंधी शिकायतों और फर्जी रिपोर्टिंग पर चिंता व्यक्त की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में लापरवाही या कागजी प्रगति स्वीकार्य नहीं होगी।

डीएम ने मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लेते हुए 14 ग्रामों – नेमना, झीलो, सीरसोती, करमघट्टी, पिपरहार, डुमरहर, जिगन्हवा, लीलाडेवा, अरझट, जरहा, रजमिलान, महुली, बीजपुर और डोडहर – में ग्राम प्रधानों द्वारा दिए गए 'हर घर जल' पूर्णता प्रमाण पत्रों की विस्तृत और निष्पक्ष जांच के आदेश दिए।



उन्होंने अधिशासी अभियंता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) को तत्काल जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। फर्जी प्रमाण पत्र, बिना जलापूर्ति के

फीडबैक

आज का राशिफल मेष
मेष | Aries
पॉजिटिव- दिन ठीक-ठाक रहेगा। रुके हुए कामों में गति आ सकती है। परिवार के लोगों की खुशहाली के लिए कुछ खर्च करना बेहतर रहेगा। निवेश से जुड़ी गतिविधियों में भी
और पढ़ें

Follow us on

जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि जिन गांवों में वास्तविक रूप से पानी नहीं पहुंचा है, वहां कागजों में योजना को पूर्ण दिखाना जनता के साथ धोखाधड़ी है। ऐसे मामलों में जवाबदेही तय कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जोर दिया कि शासन की मंशा के विपरीत कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



बैठक में योजनाओं के पंप हाउसों पर विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं, जैसे लो-वोल्टेज, बार-बार बिजली

Redressal Policy
|
Contact Us | RSS |
Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें

अधिशासी अभियंता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक प्रभावित पंप हाउस का साप्ताहिक, साक्ष्य सहित विवरण प्रस्तुत करें, ताकि विद्युत विभाग और उच्चाधिकारियों के स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान में नियमित जलापूर्ति दर्शाए जा रहे 464 ग्रामों की स्थलीय जांच कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि केवल पोर्टल पर प्रगति दिखाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक घर तक नियमित और सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना अनिवार्य है।



फीडबैक दें